Sl.No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 30

SS–13–Hist. (D & D)

No. of Printed Pages – 7 + भारत का मानचित्र

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2018

इतिहास

(HISTORY)

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

5) प्रश्न संख्या — अंक प्रत्येक प्रश्न — उत्तर की शब्द सीमा

1-4	1	-
5-11	1	10 शब्द
12 -18	2	20 शब्द
19-26	4	40 शब्द
27-29	6	100 शब्द

6) प्रश्न क्रमांक 27 से 29 में आंतरिक विकल्प हैं।

7) प्रश्न संख्या 30 का उत्तर भारत के रेखा मानचित्र में अंकित कीजिए। यह 5 अंक का है।

खण्ड – अ

SECTION - A

1) निम्नांकित में से कौन सा वेदांग नहीं है?

अ) शिक्षा ब) व्याकरण स) ज्योतिष द) सूत्र

[1]

2) निम्न में से किस शासक को भारत का नेपोलियन कहा जाता है?

अ) अशोक ब) समुद्रगुप्त स) कनिष्क द) हर्षवर्धन

[1]

3) तराइन का प्रथम युद्ध कब हुआ?

अ) 1191 ब) 1194 स) 1196 द) 1197

[1]

4) राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूर्ण हुआ?

अ) 5 ब) 6 स) 7 द) 8

[1]

5) शून्यवाद के प्रवर्तक कौन थे? [1]

6) सुदर्शन झील की जानकारी किस अभिलेख से मिलती है? [1]

7) रेशम मार्ग क्या था? [1]

8) चतुर्थ बौद्ध संगीति के अध्यक्ष कौन थे? [1]

9) किस युद्ध में बाबर ने राणा सांगा को हराया? [1]

10) महाराणा प्रताप के घोडे का क्या नाम था? [1]

11) शिवाजी का जन्म कहाँ हुआ था? [1]

खण्ड – ब

SECTION - B

12) दसराज्ञ युद्ध किनके मध्य लडा गया? [2]

13) आरण्यक ग्रंथों में किस विषय को प्रतिपादित किया गया है? [2]

14) किस स्मृति में चन्द्रगुप्त द्वितीय ने चाँदी के विशेष सिक्के जारी किए ? [2]

15) कनिष्क के समय के दो चिकित्सकों एवं आयुर्वेदाचार्यो के नाम लिखिए। [1 + 1 = 2]

16) महाराणा प्रताप को अधीनता स्वीकार करवाने के लिए अकबर द्वारा भेजे गए किन्ही दो दरबारियों का उल्लेख कीजिए। [1 + 1 = 2]

17) आर्य समाज की स्थापना कब और किसने की? [1 + 1 = 2]

18) भील आंदोलन के दो प्रमुख नेताओं के नाम लिखों। [1 + 1 = 2]

खण्ड – स

SECTION - C

19) भारतीय इतिहास की जानकारी में सिक्कों का महत्व बताइए । [4]

20) चोलकालीन स्थानीय स्वायत्तता आज भी परिलक्षित होती है? सिद्ध कीजिए । [4]

21) सुदर्शन झील के निर्माण व जीर्णोद्धार पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए । [4]

22) अलाउद्दीन खिलजी के चित्तौड पर आक्रमण के कोई चार कारणों का उल्लेख कीजिए।[1 + 1 + 1 + 1 = 4]

23) प्लासी के युद्ध के कोई चार परिणाम लिखिए । [1 + 1 + 1 + 1 = 4]

24) 1857 का क्रांति के राजनैतिक एवं प्रशासनिक कारण बताइए । [4]

25) भारत में राष्ट्रवाद के उदय के किन्ही दो कारणों पर प्रकाश डालिए । [2 + 2 = 4]

26) अजमेर – मेरवाडा का राजस्थान में विलय किस प्रकार हुआ? समझाइए ? [4]

खण्ड – द

SECTION - D

27) अशोक के धम्म पर लेख लिखिए । [6]

अथवा

गुप्तकालीन कला व साहित्य पर प्रकाश डालिए ।

28) असहयोग आंदोलन के कारणों व प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डालिए । [6]

अथवा

सविनय अवज्ञा आंदोलन पर एक निबंध लिखिए ।

29) बिजोलिया किसान आंदोलन का वर्णन कीजिए । [6]

अथवा

राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम में बारहठ परिवार का योगदान की विवेचना कीजिए ।

30) भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए। **[1 + 1 + 1 + 1 + 1 = 5]**

i) लोथल

ii) पाटलिपुत्र

iii) कश्मीर

iv) दिल्ली

v) पूना



DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

SS–13–Hist. (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2018

इतिहास

